**जे बी अकादमी**

**मूल्यांकन पत्रक- 2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| **समय- दो घण्टे।** | **विषय- हिन्दी- संस्कृत.** | **पूर्णाङ्क-50** |
| **नाम-.** | **कक्षा - सात** | **वर्ग-** |
| **अनुक्रमांक-** | | **पर्यवेक्षक हस्ताक्षर-** |

**निर्देश-**

* सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
* सुलेख व स्वच्छता का ध्यान रखें।

**खण्ड - १ व्याकरण**

**प्रश्न 1-अधोलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर, दिये गये प्रश्नों के उत्तर दें-** **(3)**

परोपकार से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं है। वेदों और उपनिषदों में भी यही कहा गया है। भारतीय संस्कृति परोपकार के लिए जानी जाती है। महर्षि दधीचि ने वृत्रासुर से रक्षा करने के लिए देवताओं को अपनी अस्थियाँ दान में दे दी थीं। राजा शिवि ने कबूतर की रक्षा के लिए बाज को अपना माँस काटकर खिलाया। देश को स्वतंत्र कराने के लिए हजारों भारतीयों ने अपने प्राण त्याग दिए थे। दूसरों के कष्टों को अपना कर देखिए। कष्ट में किसी का सहारा बनकर देखिए। दु:खी व्यक्ति के दु:ख दूर हो जाने पर, उसके मुख पर आई मुस्कान का कारण यदि आप हैं तो आप से महान और कोई नहीं है।

**ऊपर लिखे हुए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) वेदों और उपनिषदों में क्या कहा गया है?

________________________________________________________

________________________________________

(ख) दूसरों के लिए किस-किसने बलिदान दिए?

________________________________________________________

________________________________________

(ग) महान कौन है?

________________________________________________________

________________________________________

**प्रश्न 2- पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर अधोलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर सही का निशान लगायें-** **(3)**

**हिमगिरि के हिम से निकल-निकल**,
यह बिमल दूध-सा हिम का जल,
कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल

बहता आता नीचे पल-पल
तन का चंचल मन का विह्वल,
यह लघु सरिता का जल!

**प्रश्न -**

**(क) सरिता का जल कहाँ से आ रहा है?**

(i) पर्वत से विघलकर
(ii) बर्फ से पिघलकर
(iii) हिमालय की बर्फ से पिघलकर
(iv) दूसरी सरिता से

**(ख) सरिता का जल किस रंग का है?**

(i) नीला
(ii) सफ़ेद
(iii) हरा
(iv) मोती-सा

**(ग) सरिता के जल की विशेषताएँ क्या हैं?**

(i) मस्त और व्याकुल
(ii) चंचल और व्याकुल
(iii) चंचल और मस्त
(iv) चंचल और शरारती

**(घ) पद्यांश का उचित शीर्षक है**

(i) सरिता का जल
(ii) हिमगिरि का जल
(iii) चंचल जल
(iv) लघु सरिता

**घ) जल शब्द के दो पर्याय है-**

(i) जलन, जाल
(ii) पानी, नीर
(iii) अमृत, वार
(iv) नीड़, अम्बुज

**ड•) कर शब्द के दो अर्थ है**

(i) हाथ , किरण
(ii) हाथ, हाथी
(iii) काला, काल
(iv) नीड़, अम्बुज

**प्रश्न 3 निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दें -**

क) एक - एक पर्यायवाची शब्द लिखें (1)

बरखा ................................ पत्र....................................

ख)- कृत्रिम व वीरता शब्द का विलोम है

...................... ..................................... (1)

ग) रेखांकित शब्दों में कारक भेद बताएँ- (1)

<u>दानापुर की</u> <u>सैनिक टुकडी ने</u> विद्रोह कर दिया।

........................................ ................................................

घ) सन्धि विच्छेद करें भेद लिखें-. (2)

आनन्दोत्सव........................+.....................................................

सन्धि करें व संधि का नाम लिखें।

शे + अन = ------------------- ................................

ड•) जान बूझकर मुसीबत मोल लेना- सही मुहावरा लिखें. (1)

.................................................................

लाल - पीला होना- मुहावरे का अर्थ लिखें-

..................................................................

च) वीरता शब्द मे प्रत्यय व प्रसिद्ध शब्द में लगा उपसर्ग अलग करें- (1)

........................................................................

...........................................................................

**प्रश्न 4 - पत्र लेखन** (3)

**आपके विद्यालय में परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के सफल आयोजन के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखें।**

**अथवा**

**आपकी कक्षा का पंखा व ट्यूबलाइट ख़राब है, जिसके कारण छात्रों को असुविधा होती है। इस समस्या के समाधान हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखें**

**प्रश्न 5- विचार लेखन**

**किसी एक विषय पर अपने विचार लिखें - (-100 शब्दों मे)** (4)

**मेरा प्रिय त्योहार ,परिश्रम का महत्त्व, अनुशासन और विद्यार्थी जीवन**

## <u>खण्ड - २ साहित्य</u>

**पठित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें-** **(2.5)**

*पिछले दस-पंद्रह वर्षों से हमारी खानपान की संस्कृति में एक बड़ा बदलाव आया है। इडली-डोसा-बड़ा-साँभर-रसम अब केवल दक्षिण भारत तक सीमित नहीं हैं, ये उत्तर भारत के भी हर शहर में उपलब्ध हैं और अब तो उत्तर भारत की 'ढाबा' संस्कृति लगभग पूरे देश में फैल चुकी है। अब आप कहीं भी हों, उत्तर भारतीय रोटी-दाल-साग आपको मिल ही जाएँगे। 'फ़ास्ट फ़ूड' (तुरंत भोजन) का चलन भी बड़े शहरों में खूब बढ़ा है। इस 'फ़ास्ट फ़ूड' में बर्गर, नूडल्स जैसी कई चीजें शामिल हैं। एक ज़माने में कुछ ही लोगों तक सीमित 'चाइनीज़ नूडल्स' अब संभवतः किसी के लिए अजनबी नहीं रहें।*

**1) गद्यांश में किस चीज़ में बदलाव की बात कही गई है?**

(a) वेशभूषा में

(b) सोचने-विचारने में

(c) खानपान की संस्कृति में

(d) उपर्युक्त सभी

**2) ये बदलाव कितने वर्षों में आया?**

(a) पाँच-सात वर्षों में

(b) दस-पंद्रह वर्षों में

(c) पंद्रह-बीस वर्षों में

(d) बीस-पच्चीस वर्षों में

**3) ढाबा संस्कृति' कहाँ तक फैल चुकी है?**

(a) पूरे देश में

(b) दक्षिण भारत तक

(c) उत्तर भारत तक

(d) पूरे विश्व में

**4) बड़े शहरों में किसका प्रचलन बढ़ा है?**

(a) फ़ास्ट फूड का

(b) साँभर-डोसा का

(c) दाल रोटी का

(d) खान-पान का

**5) खानपान की बदलती तस्वीर के लेखक हैं-**

(a) प्रयाग शुक्ल

(b) प्रभात शुक्ल

(c) रामचंद्र शुक्ल

(d) राहुल सांस्कृत्यायन

**प्रश्न 4. पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर रेखांकित करें- (3)**

मोर के सिर की कलगी और सघन, ऊँची तथा चमकीली हो गई। चोंच अधिक बंकिम और पैनी हो गई. गोल आँखों में इंद्रनी की नीलाभ द्युति झलकने लगी। लंबी नील हरित ग्रीवा की हर भंगिमा में धूपछाँही तरंगें उठने-गिरने लगी। दक्षिण-वाम दोनों पंखों में सलेटी और सफ़ेद आलेखन स्पष्ट होने लगे। पूँछ लंबी हुई और उसके पंखों पर चंद्रिकाओं के इंद्रधनुषी रंग उद्दीप्त हो उठे। रंग-रहित पैरों को गरवीली गति ने एक नयी गरिमा से रंजित कर दिया। उसका गरदन ऊँची कर देखना, विशेष भंगिमा के साथ उसे नीची कर दाना चुगना, पानी पीना, टेढ़ी कर शब्द सुनना आदि क्रियाओं में जो सुकुमारता और सौंदर्य था, उसका अनुभव देखकर ही किया जा सकता है। गति का चित्र नहीं आँका जा सकता।

**(क) मोर के सिर की कलगी कैसी थी?**

(i) सघन, ऊँची तथा चमकीली
(ii) सघन, ऊँची तथा पैनी
(iii) सघन, रंगदार तथा चमकीली
(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ख) मोर की चोंच कैसी थी?**

(i) काली और मोटी
(ii) बकिम और पैनी
(iii) बारीक व छोटी
(iv) लंबी और पतली

**(ग). उसकी ग्रीवा की क्या विशेषता थी?**
(i) नील हरित ग्रीवा का चमकना
(ii) नील हरित ग्रीवा का झुकना
(iii) नील हरित ग्रीवा का इंद्रधनुषी दिखना
(iv)नील हरित ग्रीवा की हर भंगिमा में धूपछांही तरंगें उठाना- गिरना

**(घ) रंग रहित पैरों को गरवीली गति ने एक नयी गरिमा से रंजित कर दिया' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।**
(i) नीलकंठ की गरवीली चाल उसके रंग रहित पैरों को नया रूप प्रदान करती है।
(ii) नीलकंठ बहुत तेजी से चलता था।
(iii) नीलकंठ गर्व से चलता था।
(iv) इनमें से कोई नहीं।

**(ड.) उसकी कौन-कौन सी भगिमाएँ मोहक थीं?**
(i) गर्दन ऊँची करके देखना, झुकना व दाना चुगना।
(ii) दाना चुगना और पानी पीना
(iii) गर्दन ऊँची करके देखना, नीची कर दाना चुगना, पानी पीना व टेढ़ी कर शब्द सुनना।
(iv) विशेष भगिमा से चलना।

- **च) सुकुमारता शब्द में उपसर्ग, मूल शब्द और प्रत्यय हैं-**

a) सू + कुमार + ता
(b) सु+कुमार+ ता
(c) सुक + मार+ ता
(d) सू कुमा+ रता

**प्रश्न6.पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर लिखिए। (0.5 x 5 = 2.5)**

*मैं झिझक उठा हुआ बेचैन-सा,*
*लाल होकर आँख भी दुखने लगी।*
*मूँठ देने लोग कपड़े की लगे,*
*ऐंठ बेचारी दबे पाँवों भगी।*

**(क). कवि क्यों झिझक गया?**
(i) उसके पास कोई नहीं आया
(ii) उसे अपनी बेचैनी पर शर्म आने लगी
(iii) उसका घमंड टूट गया
(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ख). कवि बेचैन क्यों था?**
(i) वह आंधी-तूफान में फँस गया था।

(ii) उसकी आँख में तिनका चला गया था।
(iii) तेज हवा चल रही थी
(iv) वह मुसीबत में घिर गया था।

**(ग). आँख में तिनका जाने पर क्या हुआ?**
(i) आँख दुखने लगी
(ii) आँख लाल हो गई
(iii) वह दर्द से परेशान हो गया
(iv) दिए गए सभी

**(घ) कवि को आँख में तिनका चले जाने पर लोगों ने क्या किया?**
(i) कवि को बुरा-भला कहने लगे।
(ii) आँख में कपड़े की मूँठ देने लगे
(iii) कवि को डॉक्टर के पास ले जाने लगे।
(iv) कवि के दुख में दुखी हो गए।

**(ड.) 'ऐंठ बेचारी दबे पाँव भागी' का अर्थ क्या है?**
(i) शर्म आना
(ii) घमंड चूर-चूर होना
(iii) विचार बदलना
(iv) दूसरों के वश में होन

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (2X4=8)**

(क) 'इस आनंदोत्सव की रागिनी में बेमेल स्वर बज उठा' से क्या तात्पर्य है ?

अथवा

कुब्जा का नामकरण किस आधार पर किया गया? वह स्वभाव से भी कुब्जा प्रमाणित हुई, कैसे?

(ख) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?

अथवा

खानपान की मिश्रित संस्कृति के सकारात्मक व नकारात्मक पक्ष स्पष्ट करें।

(ग) वीर कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन- कौन से विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

अथवा

सांप्रदायिक सद्भाव में कुंवर सिंह की गहरी आस्था थी। पाठ के आधार पर स्पष्ट करें।

(घ) “मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से संभालने की सीख दी है“ - धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?

अथवा

धनराज ने ऐसा क्यों कहा कि, ''ये ज़रूरी नहीं कि शोहरत पैसा साथ लेकर आये।”

**प्रश्न. 7. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए। (1+1+1+1)**

1. किसने किससे कहा? “आपका विद्यार्थी जीवन कैसा रहा?”

2. “दामिनी दमके झर लावन की”, कविता व कवि का नाम लिखें

3. मीराबाई को सावन मनभावन लगता है। सही या ग़लत

4. रिक्त स्थान भरें ,-

" हे …………,,,,,, मैया! अपने प्यारे की यह अकिंचन…………स्वीकार करो।"

## <u>खण्ड - ३ संस्कृत</u>

**प्रश्न1- संस्कृत में अनुवाद करें-** **(1)**

अ)मैं सुबह पिताजी को प्रणाम करता हूँ।

ब)अत्यधिक लालच विनाश के लिए होता है।

**प्रश्न 2) हिन्दी में अनुवाद करें-** (1)

अ)एक: लुब्ध: कुक्कुर: आसीत।

ब) सः भोजनाय इतस्तत अभ्रमत।

**प्रश्न 3- शब्दों के अर्थ लिखें-** **(2)**

दैवात्- …………………. कुक्कुरः- …………………. बुभुक्षित:- …………………. शीतलम- ………………….

**प्रश्न4) सही विकल्प का चयन करके उत्तर दें-** **(2)**

**क)मार्गे का आसीत्? ………………….**

नदी/पण्यगृह/आपणम

**ख)जले स: किम् अपश्यत?……………………..**

पण्यगृहम/स्वप्रतिबिम्बम/मांसम

**ग) बालानाम बलम किम्? ......................**

मौनम/अनृतम/रोदनम

**घ) चन्द्र चन्दन्यो: मध्ये क: श्रेष्ठ:?**

चन्द्र/ चंदनं/ साधुसंगति: ..........................................

**प्रश्न 5) श्लोक का हिन्दी में अनुवाद करें- (2)**

उद्यम: साहसम् धैर्यम युक्ति: विद्या पराक्रम:।

एते षट् यत्र तिष्ठन्ति तत्र देव: सहायक:।।

**प्रश्न 6) आदर्श श्लोकाः पाठ से एक श्लोक लिखें जो प्रश्नपत्र में न दिया गया हो। (2)**